Daily COVID-19 Updates

14 July, 2020





COVID-19 Tracker
As on 14th July, till 8 AM
Confirmed Cases 906,752 (▲28,498)
Active Cases 311,565 (▲9,956)
Cured* 571,460 (▲17,989)
Deaths 23,727 (▲553)
No. of Cases
0 - 2000
2001 - 10000
10001 - 30000
30001 - 100000
100000+
Deaths
Statewise - Confirmed Cases (8000+)
MAHARASHTRA 260,924 (▲6497)
TAMIL NADU 142,798 (▲4328)
DELHI 113,740 (▲1246)
GUJARAT 42,722 (▲902)
KARNATAKA 41,581 (▲2738)
UTTAR PRADESH 38,130 (▲1654)
TELANGANA 36,221 (▲1550)
WEST BENGAL 31,448 (▲1435)
ANDHRA PRADESH 31,103 (▲1935)
RAJASTHAN 24,936 (▲544)
HARYANA 21,894 (▲654)
MADHYA PRADESH 18,207 (▲575)
BIHAR 17,959 (▲1317)
ASSAM 16,806 (▲735)
ODISHA 13,737 (▲616)
JAMMU & KASHMIR 10,827 (▲314)
KERALA 8,322 (▲449)
PUNJAB 8,178 (▲357)
Previous Cases
Cases in Last 24 hrs
Cured vs. Deaths
144,507
10,482
92,567
2,032
91,312
3,411
29,770
2,055
16,248
757
24,203
955
23,679
365
19,213
956
16,464
365
18,630
525
16,602
308
13,208
663
12,317
160
10,894
36
9,255
70
6,095
187
4,257
33
5,586
204
Death
Cured
*One migrated case is included in Cured
*▲ indicates increase in the number in the last 24 hrs
@COVIDNewsByMIB

आशा कार्यकर्ताएं उत्तर प्रदेश में कोविड के खिलाफ युद्ध में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं

कोरोना महामारी के दौर में उत्तर प्रदेश की आशा कार्यकर्ताओं ने बड़ी लकीर खींची है। बहराइच का रहने वाला 30 वर्षीय सुरेश कुमार मुंबई में एक जूस की दूकान पर काम करता था। वह मई, 2020 के आरंभ में एक ट्रक में अन्य प्रवासी मजदूरों के साथ पांच दिनों की यात्रा करके घर लौटा। जैसे ही सुरेश घर पहुंचा, स्थानीय आशा कार्यकर्ता चंद्र प्रभा ने उससे मुलाकात की और उसके विवरणों को रिकार्ड किया। उन्होंने बहराइच जिले की स्थानीय त्वरित अनुक्रिया टीम (आरआरटी) को जानकारी दी जिन्होंने सुरेश को घर पर क्वारांटाइन करने का सुझाव दिया। चंद्र प्रभा ने उसके परिवार के सदस्यों की भी काउंसिलिंग की और विस्तार से समझाया कि घर पर क्वारांटाइन करने के दौरान क्या कदम उठाये जाने चाहिए। वह नियमित रूप से अनुवर्ती कार्रवाई के लिए उसके घर जाती रही और उसके परिवार के संपर्क में रही। उसकी सर्तकता, प्रेरणादायी कौशलों एवं सहायता ने यह सुनिश्चित किया कि जैसे ही सुरेश में इसके लक्षण दिखाई पड़ने लगे, उसे तत्काल चितौरा के समुदाय स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया जो एक प्राधिकृत कोविड देखभाल सुविधा केंद्र है। चंद्र प्रभा ने यह भी सुनिश्चित किया कि सुरेश के परिवार के सदस्यों तथा उसके सहयोगी प्रवासियों को कोविड की जांच के लिए रेफर किया जाए। देश में कोविड-19 के मामलों में तेज बढोतरी एवं हाट स्पाट क्षेत्रों से प्रवासी आबादी के प्रवेश के साथ, उत्तर प्रदेश (उप्र) की बड़ी चुनौतियों में एक लौटने वालां की स्वास्थ्य आवश्यकताओं की पूर्ति करना एवं इसकी ग्रामीण आबादी में इस बीमारी के प्रसार को रोकना था। आशा कार्यकर्ताओं ने इस संकट के दौरान कोविड-19 प्रबंधन की सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस विशाल प्रक्रिया में उत्तर प्रदेश की 1.6 लाख आशा कार्यकर्ताओं ने दो चरणों में-पहले चरण में 11.24 लाख एवं दूसरे चरण में 19.19 लाख-लौटने वाले लगभग 30.43 लाख प्रवासियों का पता लगाया। उन्होंने कौंटैक्ट ट्रेसिंग एवं समुदाय स्तर निगरानी में सहायता की। आशा कार्यकर्ताओं ने न केवल लक्षणों वाले 7965

व्यक्तियों का पता लगाया बल्कि नियमित रूप से उनके स्वास्थ्य की स्थिति पर नजर रखी। उन्होंने लौटने वाले 2232 व्यक्तियों से नमूना संग्रह में सहायता की जिसमें से 203 पोजिटिव पाए गए तथा कोविड स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए रेफर किए गए। ग्राम प्रधान के तहत सभी गांवों में निगरानी समितियों का गठन किया गया है। समिति के सदस्य/स्वयंसेवी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ताओं के संपर्क में रह कर पहरेदारी करते हैं और उन्हें गांव में प्रवासियों के बारे में जानकारी मुहैया कराते हैं जो इसके बाद प्रवासियों से जुड़े अनुवर्ती कार्रवाइयों में उनकी सहायता करती हैं। आशा कार्यकर्ताओं ने बचाव संबंधी उपायों जैसेकि साबुन और पानी के साथ नियमित रूप से हाथ धोने, सार्वजनिक स्थान पर जाने से पहले मास्क लगाने के महत्व एवं समुचित शारीरिक दूरी बनाये रखने आदि के बारे में समुदायों को संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं।

Positive India:

1. PM Care Fund: जहां से आए जो पैसे, पीएम केयर ने वहीं के लिए भेजे करोड़ो रुपये- https://www.jagran.com/news/national-wherever-the-money-came-from-pm-care-sent-crores-of-rupees-for-the-same-20511103.html

2. Vande Bharat Mission: यूक्रेन से 101 यात्रियों की वतन वापसी, एयर इंडिया फ्लाइट्स से इंदौर आए यात्री- https://www.jagran.com/news/national-air-india-brings-back-101-passengers-stranded-in-ukraine-to-indore-20509967.html

3. COVID 19 Medicine: बायोकॉन लाएगी कोरोना मरीजों के लिए दवा, 8000 रुपए होगी कीमत- https://www.jagran.com/news/national-biocon-to-launch-drug-for-covid-19-patients-priced-at-rs-8000-per-vial-20509097.html

4. India Coronavirus News Updates: देश में 9 लाख के पार कोरोना के मामले, 24 घंटे में 17988 लोग हुए ठीक- https://www.jagran.com/news/national-india-coronavirus-news-updates-india-covid19-casese-crosses-9-lakh-mark-20509260.html

5. गोवा सरकार का आदेश, राज्य के प्राइवेट अस्पतालों को 20 प्रतिशत बेड कोरोना मरीजों के लिए आरक्षित- https://www.jagran.com/news/national-private-hospitals-asked-to-reserve-20-percent-beds-for-covid19-patients-20509216.html

6. Positive India : IIT कानपुर का ‘शुद्ध’ कोरोना की रोकथाम में इस तरह है असरदार- https://www.jagran.com/news/national-iit-kanpur-uv-

sanitizing-device-shudh-is-effective-in-preventing-corona-20509148.html

7. महामारी के बीच विदेश से 6,50,000 से अधिक भारतीयों की हुई वतन वापसी- https://www.jagran.com/news/national-over-650000-indians-evacuated-from-abroad-amid-pandemic-20509087.html

8. ग्लेनमार्क फार्मा ने 27 फीसद तक कम किए कोविड-19 की दवा फेबीफ्लू के दाम, जानें कीमत- https://www.jagran.com/news/national-glenmark-pharma-cuts-price-of-coronavirus-drug-by-27-pc-to-rs-75-per-tablet-20506906.html

9. भागलपुर ट्रिपल आईटी बनाएगा ऑटोमेटिक वेंटिलेटर, जरूरत के मुताबिक होगा आक्सीजन डिस्चार्ज- https://www.livehindustan.com/bihar/bhagalpur/story-bhagalpur-iiit-will-make-automatic-ventilator-with-help-of-artificial-intelligence-in-which-oxygen-discharge-will-be-as-per-patient-requirement-3349768.html

10. कोरोना: भारत के लिए फ्रांस करेगा स्पेशल पैकेज की घोषणा, किट और वेंटिलेटर्स भी देगा- https://www.livehindustan.com/national/story-france-to-soon-announce-exceptional-package-to-boost-india-covid-19-fight-3349469.html

11. बायोफोर इंडिया को DCGI से मिली कोरोना की दवा फेविपिराविर बनाने की अनुमति- https://www.livehindustan.com/national/story-biophore-india-gets-permission-from-dcgi-to-make-favipiravir-a-corona-drug-3349185.html

India Fights Corona (Updates):

- भारत में पिछले 24 घंटों में COVID19 के 28,498 नए मामले सामने आए हैं और 553 मौतें हुई हैं।कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या 9,06,752 हो गई है जिसमें 3,11,565 सक्रिय मामले, 5,71,460 ठीक /डिस्चार्ज /माइग्रेट और 23,727 मौतें शामिल हैं: स्वास्थ्य मंत्रालय

- 13 जुलाई तक COVID19 के लिए 1,20,92,503 सैंपल्स का टेस्ट किया गया। इनमें से 2,86,247 सैंपल्स का कल टेस्ट किया गया : भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR)

- आज दिल्ली में 1246 COVID19 मामले सामने आए, 1344 रिकवर/डिस्चार्ज/पलायन और 40 मौतें भी दर्ज की गई। राष्ट्रीय राजधानी में पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या बढ़कर 1,13,740 हो गई, जिनमें 91,312 रिकवर/डिस्चार्ज/पलायन और 3,411 मौतें शामिल हैं: दिल्ली सरकार

- भारत में प्रति 10 लाख जनसंख्या पर कोरोना मामलों की संख्या 657 हैं। हम दुनिया के उन देशों में से हैं जिनमें प्रति 10 लाख जनसंख्या पर COVID के मामले सबसे कम हैं :राजेश भूषण, OSD, स्वास्थ्य मंत्रालय

- भारत में प्रति 10 लाख जनसंख्या पर कोरोना के कारण होने वाली मौतों की संख्या 17.2 है जबकि दूसरे देशों में यह भारत से 35 गुणा है :राजेश भूषण, OSD, स्वास्थ्य मंत्रालय

- मार्च में प्रतिदिन मामलों के बढ़ने की गति लगभग 31% थी, मई में वो 9% हो गई, मई के अंत तक वो लगभग 5% हो गई। अगर हम 12 जुलाई के आंकड़े देखें तो यह 3.24% है :राजेश भूषण, OSD, स्वास्थ्य मंत्रालय

- कुल मामलों में से 86% मामले सिर्फ 10 राज्यों तक ही सीमित है। इनमें से 2 राज्य- महाराष्ट्र और तमिलनाडु में 50% मामले हैं और 8 अन्य राज्यों में 36% मामले हैं: राजेश भूषण, OSD, स्वास्थ्य मंत्रालय

- मई में रिवकरी रेट लगभग 26% था, मई के अंत तक यह लगभग 48% हो गया, जुलाई आने तक यह लगभग 63% हो गया है :राजेश भूषण, OSD, स्वास्थ्य मंत्रालय

- बिहार में 1432 नए COVID19 मामले सामने आए हैं; कुल मामलों की संख्या 18853 हो गई है। राज्य में अब तक 12364 मरीज रिकवर हुए हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- ओडिशा में 543 नए COVID19 मामले और 505 रिकवरी रिपोर्ट हुई हैं। कुल मामलों की संख्या 14280 हो गई है जिसमें 4929 सक्रिय मामले, 74 मौतें और 9255 रिकवरी शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- पुडुचेरी में आज 63 नए COVID19 मामले सामने आए हैं, कुल मामलों की संख्या 1531 हो गई है जिसमें 684 सक्रिय मामले और 18 मौतें शामिल हैं: पुडुचेरी स्वास्थ्य विभाग

- आज 33 नए COVID19 मामले सामने आए हैं, कुल मामलों की संख्या 878 हो गई है जिसमें 538 सक्रिय मामले और 340 ठीक हो चुके मामले शामिल हैं: नागालैंड स्वास्थ्य मंत्री एस पंगनु फु

- राजस्थान में आज 98 नए COVID19 मामले और 3 मौतें रिपोर्ट हुई हैं। कुल मामलों की संख्या 25034 हो गई है जिसमें 5759 सक्रिय मामले और 521 मौतें शामिल हैं : राज्य स्वास्थ्य विभाग

- देश में कोविड-19 से स्वस्थ होने की दर 63 प्रतिशत से अधिक.

- कर्नाटक सरकार ने राज्य में कोविड19 के मामलों में तेजी को देखते हुए आज शाम से 22 जुलाई की सुबह तक लॉकडाउन लागू करने का निर्णय लिया है।

- असम में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोनावायरस के एक हजार एक नये मामलों का पता चला है। राज्य में कोविड19 के कुल 6,348 सक्रिय मामले हैं।

- गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये अपने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र गांधीनगर में कोविड19 की स्थिति और विकास कार्यों की समीक्षा की।

- कर्नाटक में 2,738 लोगों में कोरोनावायरस की पुष्टि हुई। राज्य में कोविड19 संक्रमित लोगों की संख्या अब 41,581 हो गई है।

स्वामी विवेकानंद की दृष्टि में 'आत्मनिर्भर भारत'

कोरोना महामारी ने मनुष्य की जीवन जीने की शैली को ही नहीं बदला बल्कि जीवन के विभिन पहलुओं पर पुनः सोचने पर भी मजबूर किया है। कोरोना के उपरांत क्या परिदृश्य होगा उसपर कयास और अनुमान निरंतर लगाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 मई को राष्ट्र के नाम सम्बोधन के दौरान "आत्मनिर्भर भारत" का नारा दिया।

प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार, भारत के पास क्षमता है कि वो इस महामारी से उभर कर वैश्विक शक्ति के रूप में सामने आ सकता है। आत्मनिर्भर भारत के नारे को मीडिया ने हाथों-हाथ लिया और देखते ही देखते इस विषय पर बहस, चर्चाओं और लेखों की बाढ़ सी आ गई, लेकिन मुख्यतः सभी विषयों का केंद्र बिंदु आत्मनिर्भर भारत का आर्थिक पक्ष रहा।

इस संदर्भ में उल्लेखनीय होगा कि आज से लगभग 125 वर्ष पहले स्वामी विवेकानंद अमेरिका के अपने प्रवास के दौरान मिशिगन विश्वविद्यालय में पत्रकारों के एक समूह को कहते हैं कि "यह आपकी सदी है, लेकिन इक्कीसवी सदी भारत की होगी"।

प्रधानमंत्री जी ने भी इक्कीसवीं सदी भारत की हो, इसपर अपने भाषण में जोर दिया और यह भी कहा कि इसका मार्ग आत्मनिर्भर भारत होगा। भारत और राज्य सरकारें तो अपना हर संभव प्रयास कर रहे हैं और करती रहेंगी, लेकिन कुछ ऐसे प्रश्न हैं जिनको सम्बोधित करना बहुत जरुरी है। प्रश्न है कि जब तक हर भारतीय आत्मनिर्भर बनने को तैयार नहीं, फिर भी क्या भारत आत्मानिर्भर बन सकता है? हमें आत्मनिर्भर भारत की दृष्टि को साकार करने के लिए सचेत रूप से प्रयास करने होंगे। स्वामी विवेकानंद की "एकता" की अवधारणा अभी के दौर की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हम सभी को मन से एक होना पड़ेगा, जैसा कि संगठनों और सफल टीमों में हुआ करता है।

Source: http://www.nationalistonline.com/2020/07/03/swami-vivekanandas-vision-of-self-reliant-india/

Prepared by:

Adarsh Tiwari

Abhay Singh

Manujam Pandey